

# उत्पाद शुल्क, वाहनों पर कर, जीएसटी और एसटी का बकाया सवा 10 हजार करोड़, पांच साल का ही पौने 4 हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार को विभिन्न माध्यमों से मिलने वाले करों की बकाया राशि 10 हजार 279 करोड़ रुपए से अधिक है। इनमें से करीब पौने चार हजार करोड़ रुपए तो पिछले पांच साल से वसूले ही नहीं जा सके हैं। राज्य वित्त पर लेखा प्रतिवेदन से ये तथ्य सामने आया है। साथ ही पिछले एक साल में कर चोरी के 1114 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। खास बात ये है, प्रतिवेदन में कहा गया है कि राजस्व का बकाया, शासन को देय राजस्व देर से वसूली का संकेत देता है।

प्रतिवेदन में कहा गया है कि बिक्री, व्यापार आदि पर कर 31 मार्च 2024 की स्थिति में 3 हजार 672 करोड़ रुपए बकाया है। इसमें पांच साल का ही बकाया 2 हजार 727.65 करोड़ रुपए है। इस संबंध में विभाग ने ये नहीं बताया है कि इतनी बड़ी राशि की वसूली लंबित होने का क्या कारण है। अब अगर बात की जाए कि अन्य करों की वसूली कितनी और क्यों बकाया है तो ये तथ्य सामने आता है कि राज्य उत्पाद शुल्क पर 56.39 करोड़ बकाया है। इसमें आबकारी शुल्क अंतर, मनोरंजन कर का बकाया, लाइसेंस शुल्क, खिसरा, पपिस्ट्रा (पोस्त के बीज) का लाइसेंस शुल्क शामिल है। इसी क्रम में वाहनों पर कर 354.21 करोड़ रुपए बाकी है। इसमें से 287 करोड़ 33 लाख रुपए इसलिए बकाया हैं कि वाहन स्वामियों द्वारा वाहन कर समय पर जमा नहीं किया गया। हालांकि विभाग ने वसूली के लिए समय-समय पर प्रवर्तन बलों के चेकपोस्ट, उड़नदस्तों द्वारा कार्रवाई की गई है। पंजीकृत पते पर वाहन स्वामी के न मिलने तथा वाहनों के निर्धारित मार्ग पर न चलने के कारण वाहन का पता ही नहीं चल पा रहा है और बकाया की वसूली नहीं हो पा रही है। यह विभाग की दलील है।

## सबसे अधिक 6 हजार 196 करोड़ जीएसटी का बकाया




इसी क्रम में जीएसटी का बकाया 6 हजार 196 करोड़ 37 लाख रुपए है। इनमें पांच साल पुराने 18.76 करोड़ रुपए भी शामिल हैं। इस संबंध में विभाग ने बताया है कि वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। कुछ मामलों में पुनरीक्षण न्यायालय में अपील लंबित है। कुछ मामलों में मालिक की मृत्यु की स्थिति में बकाया राशि लंबित है। इसके अलावा कुछ व्यापारियों के बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं तथा कुछ व्यापारियों की राशि समायोजित कर ली गई है। राज्य में वाहनों पर कर, जीएसटी, व्यापार आदि पर कर चोरी के हजार से अधिक मामले हैं। 1 अप्रैल 2023 तक इस तरह के लंबित मामलों की संख्या 914 थी। इनमें सबसे अधिक 877 वाहनों पर कर चोरी के हैं। 2023-24 के दौरान पता लगाए गए मामलों की संख्या 200 रही। इस तरह कुल मामले 1 हजार 114 हो गए। इन मामलों में कुल मिलाकर 332.62 करोड़ रुपए की वसूली निकली है। प्रतिवेदन में ये भी कहा गया है कि मार्च 2024 के अंत में कुल मामलों में से 6.28 प्रतिशत मामले अंतिम रूप देने के लिए लंबित शेष अन्य विभागों जैसे ऊर्जा, वाणिज्यकर पंजीयन, खनिज संसाधन, वन आदि ने सितंबर 2024 में लेखा परीक्षा द्वारा अनुरोध किए जाने के बावजूद कर, राजस्व की चोरी के संबंध में विवरण प्रस्तुत नहीं किया।

### विरोध में आज से प्रदेशभर में सौंपे जाएंगे ज्ञापन

# सीधी भर्ती से नियुक्ति पाने वालों के लिए पेंशन योजना एनपीएस या यूपीएस! कर्मचारी चाहते हैं ओपीएस

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों की पेंशन मामले का जिन्न एक बार फिर बाहर आ गया है। राज्य सरकार ने सीधी भर्ती के विज्ञापित पदों पर चुने गए शासकीय सेवकों को केवल नवीन पेंशन योजना (एनपीएस) या एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में शामिल करने का निर्णय लिया है, लेकिन सरकारी कर्मचारी इसके लिए तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि उन्हें ओपीएस यानी पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलना चाहिए।

राज्य में अब से करीब तीन साल पहले पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय पेंशन का मामला जमकर गरमाया था। उस समय नवीन पेंशन योजना और पुरानी पेंशन योजना लागू करने का मामला था, लेकिन तत्कालीन सरकार ने कर्मियों को उनके विकल्प के आधार पर पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया। इसके बाद से यह पूरा मामला शांत हो गया था। इधर तीन दिन पहले राज्य सरकार ने एक नई अधिसूचना जारी कर कहा है कि 1 अगस्त 2025 से राज्य शासन की सेवा में सीधी भर्ती के विज्ञापित पदों पर चयनित शासकीय सेवकों के लिए केवल नवीन पेंशन योजना या एकीकृत पेंशन योजना में शामिल होने का विकल्प उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

राज्य शासन को सीधी भर्ती के कर्मियों के लिए पेंशन योजना में बदलाव इसलिए करना पड़ा है, क्योंकि राज्य सरकार ने वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसी साल 24 जनवरी से लागू की गई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को 1 अगस्त 2025 से अंगीकृत किया है, यानी लागू किया है। इस योजना के अंतर्गत नियुक्त सभी शासकीय सेवकों के लेखा संधारण एवं पेंशन से संबंधित समस्त कार्यवाही संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि के नियंत्रण में होंगे।

## फेडरेशन ने कहा- ओपीएस को यथावत रखें



छत्तीसगढ़ में यूपीएस यानी एकीकृत पेंशन योजना को लेकर विरोध शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ ने शनिवार को एक वर्चुअल बैठक आयोजित कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पीएचई, कृषि, पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से चर्चा की। संघ ने इस निर्णय को कर्मचारी विरोधी और भविष्य की असुरक्षा को बढ़ाने वाला कदम बताया और यह निर्णय लिया कि 1 अगस्त 2025 से नियुक्त होने वाले सभी शासकीय कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के दायरे में लाया जाए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 21 से 23 जुलाई के बीच राज्य के सभी 33 जिलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा का कहना है कि प्रदेश में पहले ही ओपीएस लागू किया जा चुका है, उसे यथावत रखना चाहिए। इस संबंध में पूर्व सरकार ने निर्णय लिया, लेकिन उनके समय के कुछ निर्देश आधे-अधूरे थे, उसे मौजूदा सरकार ने पूरा किया है। अब जो नई योजना लाई जा रही है, हम उसका विरोध कर रहे हैं, बात नहीं मानी गई तो आंदोलन करेंगे।

# दो काउंसिलिंग में नहीं भरी तो प्रबंधन कोटे में तब्दील होंगी राज्य कोटे की एमबीबीएस सीटें

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

निजी मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटे की सीट पर अगर दो राउंड के बाद भी एडमिशन नहीं हुआ तो उसे मैनेजमेंट कोटे में तब्दील कर दिया जाएगा। राज्य में चार निजी मेडिकल कॉलेजों में स्टेट कोटे की 235 सीटें हैं, सीबीआई रेड के बाद एक कॉलेज की 64 सीटों का नुकसान हो चुका है। प्रायवेट मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए 7.45 लाख से 7.99 लाख रुपए वार्षिक फीस देनी होगी और शासकीय कॉलेज में करीब 50 हजार के खर्च से काम पूरा हो जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस माह के अंत से शुरू होने वाली काउंसिलिंग के लिए कुछ संशोधन के साथ नियम जारी किया है। इनमें शासकीय सीटों प्रबंधन कोटे में परिवर्तित होना भी शामिल है। राज्य के चार निजी कॉलेजों में स्टेट कोटे की कुल 235 सीटें है, जिस पर दो राउंड तक एडमिशन दिया जाएगा। इसके बाद भी अगर सीटें खाली रह जाती हैं तो उसे कॉलेज प्रबंधन को वापस कर दिया जाएगा और उस आधार पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निजी कॉलेजों में एडमिशन के लिए अभ्यर्थियों को सरकारी की तुलना में काफी अधिक पैसे खर्च करने पड़ेंगे। प्रदेश के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में 50 हजार के लगभग वार्षिक फीस है, वहीं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में इसके लिए 7.45 लाख रुपए से 7.99 लाख रुपए तक सालाना खर्च करने होंगे। जानकार सूत्रों का कहना है कि एएफआरसी निजी कॉलेजों में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के आधार पर फीस का निर्धारण किया जाता है। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के लिए एक वर्ग निजी मेडिकल कॉलेजों में ही दिलचस्पी दिखाता है। इस वजह हर साल निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की सभी सीटें दो मॉपअप राउंड तक पूरी भर जाती हैं। पिछली बार राज्य में निजी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 5 थी, मगर सीबीआई के छापे के बाद एक कॉलेज में जीरो ईयर घोषित हो चुका है।

### मूल निवासी को प्राथमिकता

निजी मेडिकल कॉलेज के गैरप्रवासी भारतीय नियतांश सीटों पर एडमिशन के नियम में मामूली बदलाव किया गया है। संशोधित नियम के अनुसार दो राउंड की काउसिलिंग के बाद अगर इस कोटे की सीटें बाकी रहती हैं तो उसमें छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को एडमिशन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि एनआरआई कोटे की सीट एक से सवा करोड़ की फीस होने के बाद भी खाली नहीं बचती।

### मेरिट लिस्ट का इंतजार

काउंसिलिंग की शुरुआत के लिए नीट 2025 की सीजी मेरिट लिस्ट का इंतजार किया जा रहा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए कुछ प्रतिनिधियों को दिल्ली भेजा जाएगा। प्राप्त परिणाम के आधार प्रदेश की प्रावीण्य सूची जारी की जाएगी और इस आधार पर सीटों का आवंटन किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ की बेटी श्वेता का यूपीएससी में चयन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की प्रतिभाशाली श्वेता शर्मा ने एक बार फिर अपने परिवार समेत छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल होने पर श्वेता का चयन भारतीय सूचना सेवा में हुआ है। वर्तमान में श्वेता भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण विभाग में छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर में फील्ड इंचार्ज के रूप में सेवा दे रही हैं। श्वेता के माता-पिता ने बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता को पूरे परिवार के लिए एक गौरव का क्षण बताया है।

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# राजिम रूट पर ट्रेन चलाने से यात्री बढ़ने की उम्मीद, मवेशियों की आवाजाही बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

अभनपुर से राजिम के बीच प्रस्तावित यात्री ट्रेन सेवा के सुचारू संचालन में मवेशी सबसे बड़ी चुनौती बन सकते हैं। रेलवे ट्रैक सीधे ग्रामीण क्षेत्रों व खेतों के मध्य से गुजरती है, जहां मवेशियों की आवाजाही होती रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों को खुले में चरने के लिए छोड़ दिया जाता है, जिससे उनके ट्रैक पर आ जाने की संभावना बनी रहती है। यह स्थिति न केवल ट्रेनों की गति को प्रभावित कर सकती है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका को भी बढ़ा सकती है। अभनपुर से राजिम के बीच सड़क मार्ग पर तीन रेलवे फाटक बनाए गए हैं, जिनके आसपास मवेशी अक्सर दिखाई देते हैं। बता दें कि रायपुर से अभनपुर के बीच ट्रेन परिचालन के पहले ही दिन एक मवेशी ट्रेन की चपेट में आ गया था। रेल प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करने अभियान चलाया जाता है, फिर भी मवेशियों को ट्रैक से दूर रखने के लिए कई स्थानों पर फेंसिंग की आवश्यकता है। बिना स्थायी समाधान के इस रूट पर सुरक्षित ट्रेन परिचालन मुश्किल हो सकता है।

रायपुर से अभनपुर के बीच चल रही लोकल ट्रेन में प्रतिदिन औसतन 60 से अधिक यात्री ही सफर कर रहे हैं, जो अपेक्षा से काफी कम है, लेकिन अब रेलवे को उम्मीद है कि इस सेवा का विस्तार राजिम तक होने से यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। रायपुर से राजिम की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या अभनपुर की तुलना में अधिक है। ऐसे में जब ट्रेन सीधे राजिम तक पहुंचेगी तो यात्रियों के लिए यह अधिक सुविधाजनक और सस्ता विकल्प बन जाएगा। रेलवे के अनुसार, रायपुर से राजिम के बीच की रेल दूरी 45 किमी है। सामान्य पैसेंजर ट्रेनों में किराया दर 0.48 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से निर्धारित होता है। इस हिसाब से रायपुर से राजिम तक ट्रेन का अनुमानित किराया लगभग 22-23 रुपए होगा, जबकि वर्तमान में यात्रियों को बस से सफर करने पर 50 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। अभनपुर से राजिम तक की दूरी लगभग 17किमी है और इस रूट के लिए अनारक्षित टिकट की न्यूनतम दर 10 रुपए रहेगी।

## गांवों और खेतों से गुजरती है रेलवे ट्रैक, रफ्तार पर भी पड़ेगा असर



राजिम रेलवे स्टेशन में निर्माण कार्य तेजी से अंतिम चरण में पहुंच चुका है। स्टेशन का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। प्लेटफार्म पर टाइल्स बिछाने और सफाई जैसे फिनिशिंग कार्य फिलहाल जारी हैं। रेलवे प्रशासन ने 15 अगस्त से राजिम तक लोकल ट्रेन चलाने की तैयारी कर ली है। उम्मीद है कि निर्धारित समयसीमा के भीतर शेष कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। यात्रियों के लिए स्टेशन में बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, पेयजल और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। स्थानीय लोगों में स्टेशन के संचालन को लेकर उत्साह है, क्योंकि इससे उन्हें रायपुर और अन्य क्षेत्रों से बेहतर और सस्ता परिवहन विकल्प मिल सकेगा।

# बहू-बेटी के साथ बेटे चैतन्य से मिलने ईडी कार्यालय पहुंचे भूपेश


हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राज्य में 2174 करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए चैतन्य बघेल से मिलने उनके पिता, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी बहू तथा बेटी के साथ रविवार दोपहर 1 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। चैतन्य की अपने पिता, पत्नी तथा बहन के साथ आधे घंटे तक मुलाकात और बातचीत हुई। बेटे से मिलकर पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने उसे ढांढस बंधाते हुए कहा कि तुम्हारे दादा जिंदा होते तो बहुत खुश होते, क्योंकि वे भी जिंदगीभर अन्याय, अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे और जेल जाते रहे। तुम भी अब इस लड़ाई में शामिल हो गए। बेटे से मिलकर निकलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पप्पू बंसल के बयान के आधार पर उनके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उन्होंने तमनार में पेड़ों की कटाई रोकने सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने पर उनकी आवाज दबाने

### बेटे से मिलकर निकलने के बाद कहा- अडानी के इशारे पर उनके बेटे के खिलाफ कार्रवाई की गई

अडानी के इशारे पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, 10 मार्च को ईडी उनके घर कार्रवाई करने के लिए पहुंची, तब उनके बेटे को किसी भी प्रकार का कोई सम्मन नहीं दिया गया और उन्हें अब गिरफ्तार कर लिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, पूर्व में छापे की कार्रवाई में उनके यहां से किसी भी तरह के आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद नहीं हुए हैं। उन्होंने खुद को तथा बेटे को साजिश के तहत फंसाए जाने का आरोप लगाया है। श्री बघेल के अनुसार, उनके बेटे की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने पर उन्हें सबसे पहले राहुल गांधी ने कॉल किया था। उसके बाद कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के नेताओं के साथ प्रियंका गांधी ने कॉल कर उनकी लड़ाई में साथ देने की बात कही।

## शब्द पहेली - 5934



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीडा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 5933का हल



## सूडोकु नवताल - 5944

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5943 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

